प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यातायात नियमों की पालना में लापरवाही के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिये–प्रदेश में आज से 15 दिन का विशेष सड़क सुरक्षा अभियान।
- राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ आज से चार दिसम्बर तक घर–घर जायेंगे।
- प्रदेश में सक्रिय नये पश्चिमी विक्षोभ का असर आज भी देखा जा रहा है। अनेक स्थान पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी।
- भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने पर देशभर में 7 नवम्बर को टूर्नामेन्ट आयोजित किये जायेंगे।

00000

प्रदेश में सड़क हादसों की रोकथाम के लिए आज से विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जायेगा। 15 दिन का ये अभियान यातायात और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने का काम करेगा। इसे परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से संयुक्त रूप से चलाया जायेगा। इसके साथ ही यातायात नियमों की पालना नहीं करवाने और समय पर कार्यवाही नहीं करने वाले अधिकारियों और कार्मिको के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक में इस बारे में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले और तेज गति को लेकर बार–बार चालान होने पर वाहन चालकों का लाईसेंस निरस्त किया जाये। श्री शर्मा ने सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत प्रदेश में चिन्हित ब्लेकस्पॉटो को जल्द ठीक करवाने और राजमार्गो पर अवैध कट को बंद करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भारत माला राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली मुम्बई औद्योगिक कोरिडोर के किनारे बने सभी अवैध निर्माणों और ढाबों को हटाने के निर्देश दिए। ऑवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की जायेगी।

जयपुर और फलौदी में हुए भयावह सड़क हादसों के बाद मुख्यमंत्री निवास पर कल आपात बैठक बुलाई गई। इसमें पुलिस परिवहन सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा और स्वास्थ्य तथा एनएचएआई तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कडा संदेश देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा में किसी तरह की कोई कौताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

0000

भारत माला एक्सप्रेस वे पर फलौदी में हुए हादसे के बाद प्रशासन की ओर से सख्ती बरती जा रही है। भविष्य में ऐसे हादसे दुबारा नही हो इसके लिए सड़क किनारे बने अवैध ढाबों को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

0000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंदिरा देवी का कल निधन हो गया। उन्होंने जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। उनकी पार्थिव देह को जयपुर स्थित राजकीय निवास पर लाया गया, जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सहित कई व्यक्तियों ने उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री का आज अजमेर पंहुचने का कार्यक्रम है। श्रीमती इंदिरा देवी का अंतिम संस्कार आज अजमेर के ऋषिघाटी शमशान में किया जायेगा।

0000

राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के तहत आज से बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवायेंगे। 4 दिसम्बर तक ये काम किया जायेगा। गणना चरण में मतदाताओं को कोई भी दस्तावेज नहीं देना है।
वहीं जिन वोटरों की पिछली एसआईआर की सूची से मैपिंग हो जायेगी उन्हें पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह का कोई दस्तावेज नहीं देना है। मतदाता मेपिंग के लिए बीएलओ की मदद से विगत एसआईआर की सूची में अपना ब्योरा प्राप्त कर सकते है। इसी कडी में पाली जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने मतदाताओं से बीएलओ के घर आने पर सहयोग करने की अपील की है।

.......

00000

प्रदेश में सक्रिय नये पश्चिमी विक्षोभ का असर कई स्थानों पर देखा जा रहा है। इसके असर से अजमेर, उदयपुर और जोधपुर संभाग में कई स्थानों पर हल्की बरसात दर्ज की गई। बाडमेर के चौहटन इलाके के कई गांवों में मूसलाधार बारिश हुई। पाली के बाली, सादडी और रानी सहित कई भागों में कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर चला। कोटा, जोधपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, बारां सहित कई जगह रिमझिम बारिश हुई। भीलवाडा से हमारे संवाददाता ने बताया कि रातभर से रूकरूक कर हल्की बरसात का सिलसिला बना हुआ है।

.....

सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस रहा। वहीं अनेक स्थान पर सर्द हवाओं ने ठण्ड का एहसास बढा दिया है। मौसम विभाग ने आज जोधपुर, उदयपुर अजमेर भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ बारिश के आसार जताये है। 5 नवंबर से एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने के आसार है। इस बीच न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट हो सकती है।

0000

अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। प्रत्याशी जन संपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे है। इसी कडी में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने मतदाताओं से समर्थन मांगा, वहीं कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कल क्षेत्र का दौरा कर पार्टी प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के समर्थन में जनसंपर्क किया। उधर निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा भी जगह जगह सभाएं कर वोटरों को रिझाने के प्रयास में लगे है।

0000

कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कल सवाईमाधोपुर में राजीविका महिलाओं की ओर से संचालित दीदी की कैन्टीन का उद्‌घाटन किया। ये केन्टीन पंचायत समिति परिसर में खुली है। इस दौरान उन्होंने जिला परिषद की ओर से सुई धागा अभियान का भी शुभारम्भ किया। श्री मीणा ने अभियान के तहत पांच लाभार्थियों को सिलाई मशीने भेंट की।

0000

देशभर में 7 नवंबर को बडी संख्या में हॉकी टूर्नामेन्ट आयोजित किये जायेंगे। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने पर ये आयोजन किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ये पहल की जा रही है।

....

0000

डूंगरपुर के स्थापना दिवस के मौके पर वागड महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत कल लक्ष्मण मैदान और देवसोमनाथ मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से हुए इस आयोजन में कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समा बांध दिया।

- ...

- 0000